पत्र सूचना शाखा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

<u>राज्यपाल ने डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी की जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की</u>

लखनऊः 6 जुलाई, 2016

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने आज डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी जयंती पर डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी चिकित्सालय (सिविल अस्पताल) परिसर स्थित उनकी प्रतिमा एवं चित्र पर पुष्प अर्पित कर अपनी आदरांजलि अर्पित की।

राज्यपाल ने श्रद्धांजलि अर्पित करने के बाद कहा कि 32 वर्ष की आयु में डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी कोलकाता विश्वविद्यालय के कुलपति बने थे, वे हिन्दू महासभा के अध्यक्ष थे। पं0 जवाहर लाल नेहरू ने उन्हें अपने मंत्रिमण्डल में उद्योग मंत्री नियुक्त किया। उद्योग मंत्री के नाते उन्होंने देश में उद्योग की नीव डाली। नेहरू जी से मतभेद के कारण उन्होंने मंत्रिमण्डल से इस्तीफा दे दिया। उन्होंने कहा कि डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने जनसंघ की स्थापना की तथा लोकसभा में विपक्ष बना रहे इसके लिए प्रयास किये।

श्री नाईक ने कहा कि डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी भारतीय जनसंघ के प्रथम अध्यक्ष थे। डॉ0 मुखर्जी ने कश्मीर आंदोलन का नेतृत्व करते हुए कश्मीर में प्रवेश किया जहाँ उन्हें गिरफ्तार कर लिया गया। बाद में वे शहीद हो गये। उन्होंने कहा कि ‘‘डॉ0 श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने जो नीव डाली उसके कारण सारा देश उनको नमन करता है और मैं भी उन्हें कोटि-कोटि प्रणाम करता हूँ।‘‘

इस अवसर पर श्रद्धांजलि देने वालों में अन्य गणमान्य नागरिक भी उपस्थित थे।

अंजुम/ललित/राजभवन (236/06)